# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025




तापमान

अधिकतम 20 डिग्री

न्यूनतम 7 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


4 महलपारा में बाल मेला सह न्योता भोजन



## खबर संक्षेप

### मेरे सपनों का भविष्य विषय पर बच्चों ने दिए संदेश



**बैकुण्ठपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बाल दिवस पर विकासखंड सोनहत के दूरस्थ ग्राम बंशीपुर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी एनएस रावटे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की थीम मेरे सपनों का भविष्य रखी गई, जिसके माध्यम से बच्चों को अपने अधिकारों, सपनों और भविष्य की दिशा के बारे में जागरूक किया गया।

### खड़गवां में ऋण आउटरीच कार्यक्रम

**बैकुण्ठपुर।** खड़गवां ब्लॉक में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आज कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के किसानों, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और ग्रामीण उद्यमियों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाना तथा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देना रहा। कार्यक्रम में एसएचजी और किसानों को विभिन्न व्यवसायों एवं कृषि गतिविधियों के लिए बड़े पैमाने पर ऋण स्वीकृत किए गए। इसमें खड़गवां 84 लाख रूपए, देवाडांड़ 35 लाख रूपए, छोटा बाजार 10 लाख रूपए, कुरासिया 20 लाख रूपए, चिरमिरी 45 लाख रूपए कुल मिलाकर 1 करोड़ 94 लाख रूपए का ऋण वितरण किया गया। इससे क्षेत्र में स्वरोजगार, कृषि आधारित उद्योग, तथा सूक्ष्म उद्यमों को नई मजबूती मिलेगी।

### रायपुर से आए मास्टर ट्रेनर ने दिया प्रशिक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले में राइजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (रैम्प) योजना के अंतर्गत सरकारी विभागों एवं कार्यालयों में जीइएम (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) पोर्टल के माध्यम से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों से सामग्री क्रय को बढ़ावा देने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ स्थित जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक त्रिपुरारी राम कश्यप ने की। कार्यशाला दो सत्रों में आयोजित हुई प्रथम सत्र दोपहर 12 बजे एवं द्वितीय सत्र दोपहर 3 बजे से प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण का संचालन रायपुर से आए मास्टर ट्रेनर राकेश तिवारी ने किया। उन्होंने जीइएम पोर्टल के माध्यम से क्रेता ऑनबोर्डिंग, निविदा दस्तावेज तैयार करने, प्रकाशित करने और खोलने की संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।

### 72 लाख की ठगी करने वाला फर्जी डीएसपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** महिला के बच्चों की पुलिस विभाग में नौकरी लगाने का झांसा देकर 72 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने खुद को डीएसपी बताकर महिला को अपने झांसे में लेकर 7 वर्षों से ठगी कर रहा था और महिला अपने परिवार की जमीन बेचकर रुपए भेज रही थी। पुलिस ने आरोपी को एमपी के सीधी जिले से पकड़ा है।

## कोरिया में 21 उपार्जन केन्द्र, अभी युद्ध स्तर पर जारी है धान मिसाई कार्य

# इंतजार खत्म : आज से होगी धान खरीदी



धान खरीदी केन्द्र।



कटाई के लिए तैयार फसल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

15 नवंबर से 21 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरूआत की जाएगी। कोरिया जिले में धान खरीदी के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है।

इस वर्ष समय पर अच्छी बारिश होने से खरीफ की प्रमुख फसल धान की बंपर पैदावार हुआ है, लेकिन बरसात के अंतिम समय में हुई बारिश ने कई किसानों के धान फसलों को नुकसान पहुंचाया, इसके बावजूद ज्यादातर धान की फसले कटाई नहीं होने के कारण नुकसान होने से बच गया। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने के कारण धान फसल उत्पादन का रकबा बढ़ा है और जिले के सभी किसानों के द्वारा धान की फसल प्रमुखता से ली जाती है। जिले के किसानों के लिए धान की फसल प्रमुख आय का स्त्रोत है। कोरिया जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए सभी 21 उपार्जन केन्द्रों में सभी तरह की व्यवस्था एवं सुविधाएं सुनिश्चित कर ली गई है, आज 15 नवंबर से जिले के सभी समितियों के माध्यम से किसानों से धान की खरीदी शुरू हो जाएगी। कोरिया जिले खरीफ विपण वर्ष 2025 26 में 1 लाख, 37 हजार, 468 मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित इसके लिए कुल बोनी क्षेत्र 42112 हेक्टयर रहा। बीते वर्ष 1 लाख, 28 हजार 478 मीट्रिक टन ही निर्धारित था बीते वर्ष के मुकाबले इस वर्ष खरीदी का लक्ष्य अधिक है। जानकारी के अनुसार खरीफ वर्ष 2024 25 में 23 हजार 117 किसानों ने धान विक्रय के लिए पंजीकरण कराया था। इस वर्ष जिले के 21 उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान खरीदी की जाएगी।

जिला प्रशासन ने बाहरी जिलों व राज्यों से अवैध धान की आमद रोकने के लिए डुमरिया, टेंगनी, नगर, सुरमी चौक और गोईनी में 24 घंटे तीन पालियों में चेकपोस्ट तैनात किए हैं। एसडीएम राजस्व बैकुंठपुर उमेश कुमार पटेल, एसडीएम राजस्व सोनहत अंशुल वर्मा (गोईनी के लिए) होंगे साथ ही वन विभाग, पुलिस, नगर सैनिक व कोटवारों को शामिल कर संयुक्त बल तैयार किया गया है। सभी टीमों को आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है। जामपारा, झरनापारा, पटना, गिरजापुर, सरभोंका, बैमा सहित संवेदनशील उपार्जन केन्द्रों में समिति प्रबंधकों के साथ आहरण ⏭ शेष पेज 4 पर

### ज्यादातर क्षेत्रों में फसल खेतों में ही

प्रदेश सरकार द्वारा धान खरीदी के लिए एक माह पूर्व ही तारीख तय कर दी थी। खरीदी के शुरूआती तारीख तक जिल के ज्यादातर क्षेत्रों में धान की फसल की कटाई भी नहीं हो पाई है। हालांकि बीते दिनों बदली बारिश का दौर थमने के बाद धान कटाई में तेजी आई हैं और किसान जोर-शोर से धान की कटाई में लगे हैं और ढोने का कार्य भी कर रहे हैं, जहां खलिहानों में धान की मिंसाई का कार्य चल रहा है, ऐसे में धान खरीदी के शुरूआती दौर में खरीदी केन्द्रों में गिनती के ही किसान धान विक्रय करने पहुंचेंगे।

### शुरूआत में किसानों का इंतजार करना होगा

जिले में जिस तरह से अब तक धान कटाई पूरी नहीं हो पाई है, कटाई करने के बाद मिंसाई करने के बाद भी बारदाने में भरकर किसान समितियों में धान विक्रय के लिए पहुंचेंगे। अभी जिले के ज्यादातर क्षेत्रों में धान कटाई बहुत कम हो पाई है, ऐसे में 15 नवंबर से शुरू हो रहे धान खरीदी के लिए खरीदी केन्द्रों तक गिनती के ही किसान धान विक्रय करने पहुंचेंगे, इससे समिति के कर्मियों को धान क्रय करने के लिए किसानों का इंतजार आगामी कुछ दिनों तक करना पड़ सकता है, लेकिन कुछ दिनों बाद किसानों को धान विक्रय के लिए अपनी बारी का इंतजार करना पड़ेगा।

## बिहार चुनाव जीत पर भाजपा ने मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



जश्न मनाते भाजपाई।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में भारतीय जनता पार्टी गठबंधन की ऐतिहासिक जीत के अवसर पर जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में बैकुंठपुर, शिवपुर-चरचा, पटना, सोनहत सहित अन्य मंडलो जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी, मिष्ठान व ढोल -नगाड़ो के जश्न मनाया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष बसंत राय, राजेश सिंह, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, प्रदीप तिवारी, बैकुंठपुर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, चरचा नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े, जिला महामंत्री संगीता गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, पूर्व नपा उपाध्यक्ष भानूपाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु मृदुली, प्रियंका सिंह, उर्मिला सिंह, महामंत्री मुन्ना चक्रधारी, सचिन मलिक, रमन गुप्ता, रवि त्रिपाठी, बिजेन्द्र जायसवाल, अन्नू दुबे, अरशद खान, सतेन्द्र राजवाड़े, अभिनेन्द्र चंदेल, शाहिद असरफी, स्वामीनाथ पटेल, नूर मोहम्मद, विवेक गुप्ता, जय चक्रधारी, विकास दुबे, मनोज साहू, दीपक जायसवाल, रमेश तिवारी, साक्षी सिंह राजपूत, सुरेश राजवाड़े, श्रीराम दुबे, उमाशंकर बंटी, चंद्र प्रकाश राजवाड़े, सीमा सिंह, पीसी पाण्डेय, डॉ.सुधीर मिश्रा, रणविजय सिंह सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चरचा कॉलरी में जीत पर भाजपाइयों ने बांटी मिठाई



**चरचा कॉलरी।** बिहार राज्य में एनडीए गठबंधन द्वारा दर्ज की गई ऐतिहासिक और प्रचंड विजय ने पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह की नई लहर पैदा कर दी है।

इस अप्रत्याशित एवं निर्णायक जीत को लोकतंत्र की मजबूती तथा विकास की राजनीति की स्वीकार्यता बताते हुए शिवपुर चरचा मंडल के पदाधिकारियों, मोर्चा प्रकोष्ठ के सदस्यों और जिला पदाधिकारीगणों ने चरचा कॉलरी में भव्य विजय उत्सव का आयोजन किया। दो दर्जन से अधिक क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की भीड़ के बीच राजीव गांधी चौक का वातावरण जयघोष और पटाखों की गूंज से भर गया। दोपहर 12 बजे से प्रारंभ इस आयोजन में लगातार रंगीन आतिशबाजी और पटाखों ने पूरे चौक को उत्सव स्थल में बदल दिया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु मुदुली, संगठन के सक्रिय युवा नेता सचिन मलिक, मुन्ना चक्रधारी, उमाशंकर मानिकपुरी, महिला मोर्चा अध्यक्ष उर्मिला सिंह, महिला कार्यकर्ता प्रियंका सिंह, साक्षी सिंह, सीमा रानी सहित काफी संख्या में वरिष्ठ, युवा और महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नपा अध्यक्ष श्री जायसवाल ने एनडीए की जीत पर कहा कि बिहार में मिला यह जनादेश विकास, पारदर्शिता और सुशासन की राजनीति की जीत है।



## पूर्व राजस्व मंत्री ने एसआईआर पुनरीक्षण को लेकर ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती कार्यक्रम में शुक्रवार को सर्वप्रथम पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके उपरांत प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में विशेष निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कोरिया जिले के प्रभारी एवं पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश परसाई जी भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान श्री अग्रवाल ने निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण को लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूलभूत प्रक्रिया बताते हुए कहा कि मतदाताओं की सूची को सही और अद्यतन रखना प्रत्येक क्षेत्र के पदाधिकारियों, बीएलए तथा बीएलओ की संयुक्त जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि 2003 से पहले निवासरत सभी पात्र मतदाताओं के नाम सूची में अवश्य जोड़े जाएं, जबकि मृत व्यक्तियों एवं अन्य क्षेत्रों में निवासरत मतदाताओं के नाम नियमों के अनुसार विलोपित किए जाएं। इसके अंतर्गत सभी ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक प्रभारी, मंडल एवं सेक्टर पदाधिकारी सरकारी बीएलओ के साथ समन्वय कर निर्वाचन नामावली के पुनरीक्षण कार्य को सुचारू रूप से पूरा कराएं। श्री अग्रवाल ने स्पष्ट निर्देश दिया कि नियुक्त बीएलए अपने-अपने मतदान केन्द्रों में पहुंचकर तथ्यात्मक जानकारी एकत्र करें और यह सुनिश्चित करें कि क्षेत्र के किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूटने न पाए।

बैठक में पूर्व राजस्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल ,जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष नजीर अजहर, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, महामंत्री बृजवासी तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी हरीश परसाई, मुख्तार अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, सुरेश सिंह, हेमसागर यादव, गणेश राजवाड़े, ⏭ शेष पेज 4 पर

# कंट्रोल रूम, ट्रांजिट मेस और दूरसंचार भवन का भूमिपूजन



भूमिपूजन करते कलेक्टर-एसपी।

**बैकुण्ठपुर।** 14 नवंबर को रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर परिसर में एसडीओपी कार्यालय भवन के समीप नवीन पुलिस कंट्रोल रूम भवन, नवीन ट्रांसिट मेस भवन एवं नवीन दूर संचार कार्यालय भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम का विधिवत आयोजन किया गया।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारीगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, उप पुलिस अधीक्षक श्यामलाल मधुकर, उप पुलिस अधीक्षक राजेश साहू, उप पुलिस अधीक्षक नेल्सन कुजूर, रक्षित निरीक्षक नीतिश आर. नायर, रक्षित निरीक्षक विपुल आनंद जांगड़े, निरीक्षक हेमंत अग्रवाल, दूरसंचार प्रभारी, यातायात प्रभारी, थाना प्रभारी अजाक सहित जिले के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। भूमि पूजन विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ, जिसमें नव-निर्मित भवनों के माध्यम से पुलिस सेवाओं के सुदृढ़ीकरण एवं नागरिक सुविधा विस्तार का संकल्प दोहराया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि इन भवनों के निर्माण से जिले में पुलिसिंग की दक्षता, संचार व्यवस्था, आपात प्रतिक्रिया तथा कर्मचारियों की कार्य-सुविधा में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

## पर्यटन मंत्री अग्रवाल आज जिले में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



■ स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय खरवत में होगा आयोजन

जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का कार्यक्रम छग शासन के पर्यटन, संस्कृति एवं धार्मिक न्यास मंत्री राजेश अग्रवाल के मुख्य अतिथि में होगा।

15 नवंबर को स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, खरवत में कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा देवगुड़ी एवं पंडो हट्र्स स्टॉल के निरीक्षण से होगी। इसके पश्चात दीप प्रज्वलन और आदिवासी महापुरूषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का लाइव प्रसारण किया जाएगा तथा प्रधानमंत्री द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, घुघरा का वर्चुअल शिलान्यास भी किया जाएगा। जनजातीय गौरव दिवस में स्कूली छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा स्थानीय जनजातीय कलाकारों द्वारा पारंपरिक नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केन्द्र रहेंगी।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार कार्यक्रम की तैयारियों की जिम्मेदारी विभिन्न अधिकारियों को सौंपी गई है, एसडीएम बैकुंठपुर उमेश पटेल पूरे आयोजन की देखरेख करेंगे। तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट डॉ. श्रीमती अमृता सिंह कार्यक्रम स्थल, मंच एवं अतिथि दीर्घा की व्यवस्था संभालेंगी।

### रिश्वत लेते धरे गए आरईएस एसडीओ के घर पर मारा छापा

**अम्बिकापुर।** ग्रामीण से तालाब निर्माण के भौतिक सत्यापन हेतु 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए आरईएस एसडीओ ऋषिकांत तिवारी पर एसीबी ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। रिश्वत लेते धरे गए एसडीओ के घर में भी एसीबी की टीम ने छापामार कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के दौरान एसीबी ने अधिकारी के घर से नगदी रकम, बीमा, जमीन रजिस्ट्री से जुड़े दस्तावेज को जब्त किया है। अधिकारी अब एसडीओ के खिलाफ आय से अधिक संपति के मामले में कार्रवाई करने की तैयारी कर रहे है। इधर इस कार्रवाई से क्षेत्र के सरपंच सचिवों में हर्ष का माहौल है। क्षेत्र के लोग अधिकारी के मनमानी और अवैध वसूली से परेशान थे। बता दें कि 12 नवम्बर को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सूरजपुर जिले के प्रेमनगर विकासखंड अंतर्गत नवापारा खुर्द निवासी दिसम्बर सिंह आ. स्व. कांशी राम से 15 हजार रुपए की रिश्वत लेने के मामले में प्रेमनगर आरईएस एसडीओ ऋषिकांत तिवारी को रंगे हाथों पकड़ा था। आरोपी एसडीओ ऋषिकांत तिवारी ने ग्रामीण से मतस्य संपदा योजना अन्तर्गत ग्राम नवापाराखुर्द स्थित भूमि पर तालाब का निर्माण के भौतिक सत्यापन व रिपोर्ट देने के नाम पर 15 हजार रुपए की मांग की थी।

## सहकारी समिति प्रबंधक को सेवा से किया पदमुक्त

■ अनुपस्थिति एवं अनुशासनहीनता पर बड़ी कार्रवाई


**बैकुण्ठपुर।** जिले के प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित ने जनहित के कार्यों को बार-बार प्रभावित करने एवं अनुशासनहीनता बरतने पर गंभीर कदम उठाते हुए प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, धौराटिकरा के सहायक समिति प्रबंधक अजय साहू को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त कर दिया है। यह निर्णय आज आयोजित बोर्ड की बैठक में विषय क्रमांक-1 के तहत सर्वसम्मति से लिया गया। समिति द्वारा जारी सूचना के अनुसार श्री साहू को 13 नवंबर को कार्यालय में तत्काल उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। इसके साथ ही सेवा नियम की कंडिका-16 के तहत संभावित अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई थी। निर्देश के बावजूद उन्होंने कार्यालय में उपस्थिति नहीं दी।

समिति ने उनकी अनुपस्थिति को गंभीर मानते हुए कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया था तथा उसी दिन सायं 3 बजे तक स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया था, ⏭ शेष पेज 4 पर

### स्कूल का समय बढ़ाने की मांग

# लुढ़क रहा पारा, सुबह बढ़ी ठिठुरन, बच्चे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर




कोरिया जिले में सर्दी का सीतम बढ़ने लगा है। इस वर्ष जिस तरह से नवंबर के पहले सप्ताह से ही ठंड का असर तेज होने लगा है, ऐसे में आने वाले समय में जमकर सर्दी पड़ने की संभावना है।

बीते कुछ दिनों अधिकतम तापमान में ज्यादा कमी नहीं आ रही है, लेकिन न्यूनतम तापमान में गिरावट जारी है। गुरूवार को न्यूनतम तापमान 7 डिग्री दर्ज किया गया था। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि कोरिया जिले में नवंबर में ही सर्दी का सीतम कितना है। लोगों को ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। दिन में तापमान में कमी के कारण लोगों को सर्दी से बचने के लिए दिन में भी गर्म कपडे पहनने पड़ रहे हैं। वहीं शाम ढलने के पूर्व ही ठिठुरन का अहसास होने लगा है। इस कारण शाम ढलने के पूर्व ही लोगों को घर के बाहर निकलने पर गर्म कपड़ों से शरीर को सुरक्षित ढंक कर ही बाहर निकलना पड़ रहा है। इस समय शाम ढलने के बाद तेज ठंड का सामना करना पड़ रहा है। उत्तर से आने वाली हवा के कारण ठंड का असर तेज हो रहा है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी कुछ दिनों तक अधिकतम व न्यूनतम तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं होगी, लेकिन इसके बाद ठंड के तेवर और बढ़ने वाले हैं।

### गर्म कपड़ों की खरीदी बढ़ी

जिस तरह से ठंड का असर बढ़ रहा है, उसे देखते हुए शहर में लगे गर्म कपड़ों का व्यापार में भी गर्मी आ गई है। सुबह दुकान खुलने के साथ ही लोगों के द्वारा गर्म कपड़ों की खरीदी देर शाम तक की जा रही है। यही वह समय है जब लोगों के द्वारा जमकर गर्म कपड़ों की खरीदी की जाती है। जैसे-जैसे ठंड बढ़ती जाएगी गर्म कपड़ों के बाजार में गर्माहट बढ़ती जाएगी।

### स्कूल संचालन बदलने की जरूरत

कोरिया जिले में जमकर ठंडी पड़ने लगी है। सुबह होने के कुछ घंटों बाद तक ठंड का तेज असर रहता है, ऐसे में शनिवार को जिले के विद्यालयों में सुबह 7:30 बजे से स्कूल संचालन का समय निर्धारित है, जिसे बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव को देखते हुए शनिवार को स्कूल संचालन के समय में परिवर्तन करने की जरूरत है।




## खबर संक्षेप

### जैम पोर्टल प्रशिक्षण कार्यशाला



बैकुण्ठपुर। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिला पंचायत सभा कक्ष में जैम प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हुआ। इसमें विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों एवं एमएसएमई विक्रेता उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर राकेश तिवारी के द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी का प्रस्तुतीकरण करते हुए जैम पोर्टल के तहत ऑनबोर्डिंग करने बिडिंग करने एवं अन्य कार्य को सुचारू संचालन के लिए जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में लगभग 90 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### सरगुजा में राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता

अंबिकापुर। नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन सरगुजा एवं नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में सरगुजा जिले में पहली बार राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 15 व 16 नवंबर को माउंट लिट्रा जी स्कूल, संजय नगर में आयोजित होगी। इस राज्य स्तरीय आयोजन में छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों से 400 से अधिक खिलाड़ी भाग लेने आ रहे हैं, जो अपने कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा जिले में नेटबॉल का यह पहला बड़ा आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन से जिले में खेल के प्रति नई ऊर्जा, उत्साह और जागरूकता का संचार होगा तथा आने वाले समय में सरगुजा से और अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे। पूर्व में भी सरगुजा जिले से कई खिलाड़ी फुटबॉल में मेडल हासिल कर जिले का नाम रोशन किए हैं इस प्रकार के प्रतियोगिता से यहां की प्रतिभा और निखरकर सामने आएगी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिताओं के लिए किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में कई जिले से राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। जो एक मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। सरगुजा के लिए यह एक गौरवपूर्ण अवसर है कि यहाँ पहली बार राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन होने जा रहा है।

### चार दिवसीय 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 23 से

वाड्रफनगर। गायत्री परिवार द्वारा भगवान परशुराम चौक के निकट 24 कुण्डीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ का आयोजन 23 नवंबर से 26 नवंबर किया जाएगा। शांतिकुंज हरिद्वार के तपोनिष्ठ प्रतिनिधि की उपस्थिति में चार दिवसीय धार्मिक तथा आध्यात्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। आयोजकों ने बताया कि समाज में सद्भाव, संस्कार, नैतिकता एवं आध्यात्मिक उन्नति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित यज्ञ के माध्यम से राष्ट्रशक्ति, जनशक्ति और परिवार संस्कारों की जागृति को गति देने की भावना प्रखर होगी। इस दौरान प्रतिदिन प्रातःकालीन प्रज्ञायोग साधना, सामूहिक जप, प्रवचन, यज्ञ विविध सांस्कृतिक व सामाजिक प्रस्तुति होगी।

**आम सूचना**

**समक्षः- श्रीमान नोटरी महोदय, जिला न्यायालय तीस हजारी नई दिल्ली**

**शपथ पत्र**

मैं, रामजी सिंह रवि, आत्मज स्व. नंदलाल रवि, निवासी, एम.एल.ए नगर, बैकुंठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.) का रहने वाला हूं। एवं वर्तमान में दिल्ली राज्य में निवासरत हूं, जो निम्नांकित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ।
1- कि मैं समाचार पत्र में एक इश्तहार का प्रकाशन करा रहा हूं। जिसके प्रति शपथ पत्र के साथ संलग्न है।
2- कि उपरोक्त इश्तहार में वर्णित सभी तथ्य सत्य एवं सही है जिसके सत्यता की संपूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

हस्ताक्षर शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं रामजी सिंह रवि, आत्मज स्व. नंदलाल रवि, सत्यापित करता हूं, कि शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक-01 से लगायत 02 तक की कथन मेरे स्वतः की जानकारी में सत्य वह सही है, आज दिनांक- 11/11/2025 को स्थान में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

हस्ताक्षर सत्यापनकर्ता

मैं रामजी सिंह रवि, आत्मज स्व. नंदलाल रवि, निवासी, एम.एल.ए नगर, बैकुंठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.) का रहने वाला हूं। मुझे दिनांक 28.10.2025 को हरिभूमि समाचार पत्र कोरिया संस्करण में प्रकाशित इश्तहार के माध्यम से मुझे जानकारी प्राप्त हुई है कि एम.एल.ए. कॉलोनी, बैकुंठपुर, जिला-कोरिया छत्तीसगढ़ में स्थित खसरा क्रमांक- 243/3 में निर्मित मकान क्रमांक- 93 को श्रीमती बलजीत पति स्व. श्री कृष्ण कुमार कुर्रे उम्र 57 वर्ष निवासी भट्ठीपारा बैकुंठपुर थाना व तहसील बैकुंठपुर जिला कोरिया छत्तीसगढ़ के द्वारा क्रय किए जाने हेतु इश्तहार का प्रकाशन किया गया जिस संबंध में मैं इस इश्तहार के माध्यम से निम्नानुसार सूचित कर रहा हूं:- 1. मां वैष्णो एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड के निर्देशक संजय अग्रवाल से मकान संबंधित विवाद हुआ था। उक्त विवाद के कारण संजय अग्रवाल ने मुझे वर्ष 2020 में समझौते हेतु मौखिक रूप से उक्त मकान में रहने एवं कुछ दिनों में उक्त मकान का रजिस्ट्री मेरे पक्ष में कर देने के लिए कहा था। 2. मैं वर्ष 2020 से उक्त मकान में अपने परिवार सहित रह रहा था तथा उक्त मकान पर मेरा वैधानिक कब्जा रहा है। 3. दिनांक 04 फरवरी 2025 को संजय अग्रवाल ने अपने साथियों के साथ मिलकर मेरे कब्जे वाले मकान क्रमांक- 93 का ताला तोड़कर घर में रखे मेरे लाखों रूपए का सभी सामान ले गए, जिसकी शिकायत मैंने पुलिस अधीक्षक महोदय, जिला कोरिया एवं थाना आजाक बैकुंठपुर जिला कोरिया को की है, इस प्रकरण में जांच जारी है। 4. उक्त मकान से संबंधित विवाद वर्तमान में स्थायी लोक अदालत अंबिकापुर जिला सरगुजा छत्तीसगढ़ में विचाराधीन है, और माननीय उच्च न्यायालय द्वारा भी उक्त मकान के स्वामित्व का निर्णय कानूनी प्रक्रिया के आधार पर करने के निर्देश दिए गए हैं। उपरोक्त तथ्यों के आधार पर यह स्पष्ट है, कि मकान क्रमांक- 93 का स्वामित्व एवं कब्जा विवादित है, अतः जब तक न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है, तब तक किसी भी क्रय विक्रय करने की कार्यवाही विधिसम्मत नहीं होगी। जिसकी कानूनी सम्बन्धी संपूर्ण जवाबदारी क्रेता की होगी।

हस्ताक्षर
रामजी सिंह रवि
आत्मज नंदलाल रवि
निवासी-एम.एल.ए. नगर
बैकुंठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)

### बच्चों के मॉडल रहे आकर्षण का केन्द्र

# महलपारा में बाल मेला सह न्योता भोजन

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर





जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया के मार्गदर्शन में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय महलपारा में 14 नवंबर को एफएलएन एवं बाल मेला का आयोजन अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। मेले में बच्चों द्वारा तैयार किए गए रचनात्मक प्रोजेक्ट, मॉडल, चार्ट तथा विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों ने सभी आगंतुकों का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे मॉडलों, सजावट और बच्चों द्वारा बनाए गए आकर्षक चित्रों से मनमोहक दिखाई दे रहे थे।

विद्यार्थियों ने जल-चक्र, पर्यावरण संरक्षण, गणितीय संकल्पनाएं, भारत का मानचित्र, व्याकरण, सामाजिक विज्ञान तथा अन्य विषयों पर आधारित थ्री-डी मॉडल, प्रैक्टिकल गतिविधियां और सीख-आधारित प्रदर्शन प्रस्तुत किए। अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यालय के गणमान्य अतिथियों ने बच्चों की रचनात्मकता, प्रस्तुतीकरण कौशल और विषयगत समझ की सराहना की। बच्चों ने आत्मविश्वासपूर्वक अपने मॉडल एवं गतिविधियों की जानकारी दी, जिससे उनमें सीखने की प्रक्रिया, अभिव्यक्ति क्षमता तथा व्यवहारिक ज्ञान का विकास हुआ। एफएलएन एवं बाल मेले का प्रमुख उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, टीमवर्क, अवधारणात्मक समझ, संवाद कौशल, आत्मविश्वास का विकास करना रहा, जिसमें विद्यालय के बच्चों ने उत्साहपूर्वक और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

मेले में विद्यार्थियों द्वारा विविध प्रकार की स्वादिष्ट खाद्य सामग्री, मिष्ठान्न के स्टॉल, विषयवार शिक्षाप्रद झांकियां तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिन्हें सभी उपस्थित लोगों ने सराहा। इस अवसर पर प्राचार्य अभय कुमार शर्मा, प्रधान पाठक शशिभूषण पाण्डेय, शैक्षिक समन्वयक शेषमणि मिश्रा, टिकेश्वर साहू, शिवप्रताप सिंह, अनुरंजन बेक, सुरेन्द्र राजवाड़े, प्रीति खाखा, रिंकी श्रीवास्तव, शालू अग्रवाल, मंजू कुमार, जी. नेहा, वीरेन्द्र जायसवाल सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं काफी संख्या में अभिभावकगण उपस्थित रहे।

### बाल मेला का रंगारंग आयोजन



नगर। विकासखंड बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम नगर के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालय में 14 नवंबर बाल दिवस के अवसर में बाल मेला खेलकूद विज्ञान प्रदर्शनी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विधिवत आयोजन किया गया। इस दौरान इन स्कूलों में शाला विकास समिति के सदस्यों, अभिभावकों , ग्राम सरपंच, उप सरपंच को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था, सभी अतिथियों ने बाल मेले में शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया एवं विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन कर सभी प्रतिभागियों की सराहना की। माध्यमिक शाला में बच्चों को कॉपी पेन का वितरण किया गया। शिक्षक विनय तिवारी के मार्गदर्शन में छोटे बच्चों का बाल मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम बहुत ही मनमोहक रहा। सरपंच मोती सिंह, शाला विकास समिति के अध्यक्ष रामकृष्ण शर्मा, राजीव मिश्रा, उप सरपंच उमेश राजवाड़े, पंच संतलाल कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम के दौरान जितेन्द्र मिश्रा, राजेश्वर शर्मा, उषा पांडेय, तारा पांडेय, लता पटेल सहित शाला के स्टाफ उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाया गया बालदिवस



कटगोड़ी। बाल दिवस के अवसर पर 14 नवंबर को जिले के कई स्कूलों में बाल दिवस उल्लास केसाथ मनाया गया। इसी क्रम में जिले के कटगोड़ी स्थित सांई बाबा एकेडमी इंग्लिस मीडियम स्कूल में भी उल्लास के साथ बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नन्हें बच्चों को बाल दिवस क्यो मनाया जाता है और चाचा नेहरू के जीवन के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर स्कूल प्रांगण में बाल मेले का आयोजन किया गया था। इसमें नन्हें छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां स्कूल के बच्चों के साथ उनके अभिभावकों ने भी खरीदी कर व्यंजनों का लुत्फ उठाकर नन्हें बच्चों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर बच्चों के लिए जलेबी प्रतियोगिता भी कराई गई। लंबी धागे में बंधी जलेबी को बच्चों ने उछल-उछल कर खाया। इस अवसर पर विद्यालय स्टॉफ के साथ बच्चों के अभिभावक काफी संख्या में बाल मेल में शामिल रहे।

### हिन्द विद्यालय में बाल दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम



चरचा कॉलरी। देशभर में बाल दिवस के अवसर पर जहां बच्चों के प्रति प्रेम, सम्मान और उनके उज्जवल भविष्य के संकल्प के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए, वहीं चरचा क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा। क्षेत्र के सभी विद्यालयों में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती को बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इसी कड़ी में हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में भव्य आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक, अभिभावक एवं अतिथिगण शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, वरिष्ठ पत्रकार नीरज गुप्ता, पत्रकार अंकित अग्रवाल, स्कूल डायरेक्टर निसार खान, तथा विद्यालय के प्राचार्य शशि भूषण राय उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया। अतिथियों का स्वागत सत्कार करते हुए विद्यालय परिवार ने बाल दिवस को बच्चों के लिए प्रेरणादायी बनाने की बात कही। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं भजन के साथ हुई, जिसके बाद मंचीय गतिविधियों ने पूरे माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने छत्तीसगढ़ी पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी अतिथियों और दर्शकों का मन मोह लिया। अंत में अतिथियों और विद्यालय प्रबंधन ने सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और नेहरू जी के विचारों को अपनाते हुए आगे बढ़ने का आह्वान किया।

### राजवाड़े नर्सिंग में बाल दिवस उत्सव

राजवाड़े इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग में बाल दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के प्रति जिम्मेदारी, उनके अधिकारों, सुरक्षा तथा समग्र विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर को विशेष बनाने के लिए संस्थान के प्रशिक्षणरत नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियां आयोजित कीं, जिनमें बच्चों की सहभागिता भी सुनिश्चित की गई। बाल दिवस हर वर्ष 14 नवंबर को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। कार्यक्रम को मनोरंजक और रोचक बनाने के लिए क्रीड़ा प्रतियोगिता जैसे - रिले रेस, सुई-धागा रेस, जलेबी और चेयर रेस (कुर्सी दौड़) आदि कराया गया एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक इन सभी गतिविधियों में हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिससे बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई।



### बचपन प्ले स्कूल में मनाया गया बाल दिवस





मनेन्द्रगढ़। शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय बचपन प्ले स्कूल में प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस बाल दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम पंडित जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

इसके बाद स्कूल की काउंसलर सोनाली दास ने बच्चों को चाचा नेहरू के जीवन से जुड़ी कई रोचक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू को बच्चों से विशेष प्रेम व लगाव था, इसीलिए बच्चे उन्हें चाचा नेहरू कहकर बुलाते थे। बाल दिवस पर नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ केक काटकर चॉकलेट वितरण कर एवं शिक्षिकाओं द्वारा उपहार का वितरण किया गया। इस अवसर पर सभी बच्चों ने विद्यालय में नृत्य, गीत एवं खेलकूद कर बहुत मस्ती की। इस दौरान विद्यालय की शिक्षिकाएं नंदिनी साहू, साधना सिंह, सबा परवीन, पूजा सोंधिया, प्रियंका सिंह, रश्मि प्रसाद, शिल्पी सिन्हा, महक सोनी, रुचि सेन, आरिका खान, वैष्णवी जायसवाल, राशि गुप्ता, राधा पांडे, फरहीन बानो, बी साई प्रीति, रेखा दोहरे, सुनीता राम एवं राकेश पटवा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# तहसीलदार ने 2 पिकअप की जब्त मध्यप्रदेश से ला रहे थे अवैध धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर



धान खरीदी की तिथि निकट आने के साथ ही पड़ोसी राज्यों से धान की आवक रोकने प्रशासन की संयुक्त टीम ने अपनी चौकसी बढ़ा दी है। इधर कोचिए भी खरीदी शुरू होने के पूर्व अधिक से अधिक धान संग्रहित करने की जुगत में जुटे हैं।

बीती रात कोचियों की सक्रियता को देखते हुए तहसीलदार विंदेश्वर प्रजापति राजस्व अमले के साथ गश्ती पर निकले थे। इस दौरान रात्रि 2 बजे सीमावर्ती मध्यप्रदेश बरगढ़-मकरा दुआरी के रास्ते तेज रफ्तार दो संदिग्ध पिकअप को आते देख टीम ने वाहनों को रोका लेकिन टीम को देखते ही वाहन चालक तेज रफ्तार से खैरा रोड वाहन चलाते हुए भागने लगे। राजस्व टीम ने पीछा कर दोनों पिकअप को मोहरसोप जंगल में घेराबंदी कर पकड़ा। वाहनों की जांच की गई तो दोनों में 60-60 बोरी धान लोड मिला। चालकों के पास धान से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने पर तहसीलदार द्वारा जब्ती की कार्रवाई करने पर चालक विवाद करने लगे। चालकों ने कई बार पिकअप लेकर भागने की भी कोशिश की। तहसीलदार ने घटना की सूचना मोहरसोप पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचने पर वाहन चालक शांत हुए तब जब्ती की कार्रवाई की गई। जब्त धान लोड दोनों पिकअप को मोहरसोप पुलिस के सुपुर्द किया गया है। तहसीलदार श्री प्रजापति ने बताया कि सीमावर्ती धान की आवक रोकने गुरूघासीदास टाइगर रिजर्व अंतर्गत मकरा दुआरी स्थित वनोपज जांच चौकी में तैनात कर्मचारियों को सीमावर्ती क्षेत्रों से आने वाले धान लोड वाहनों को बैरियर लगाकर रोकने एवं तत्काल इसकी सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन जांच चौकी पर तैनात वनकर्मी प्रशासन का सहयोग नहीं कर रहे हैं। वनकर्मी न तो वाहनों की जांच करने के लिए बैरियर लगा रहे हैं न ही रात में मौजूद रह रहे हैं। कर्मचारी रात में बैरियर खोलकर घर चले जाते हैं अथवा चौकी परिसर में सो जाते हैं जिससे कोचियों द्वारा बाहर से लाए जा रहे धान को रोकने में सफलता नहीं मिल पा रही है। जब्त दोनों पिकअप को मोहरसोप पुलिस ने चौकी में खड़ा किया है।

### कर्रा गांव में चोरों का धावा, पार की ट्रैक्टर का बैटरी व समर्सिबल पंप

अम्बिकापुर। ग्राम कर्रा में चोरों ने एक ही रात गांव के अलग-अलग घरों के परछी में रखे ट्रैक्टर के बैटरी सहित समर्सिबल पंप व तार चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम कर्रा निवासी गायत्री देवी पति स्व. सोमार साय ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 11 नवम्बर की दरमियान रात घर के परछी के अंदर खडे ट्रैक्टर से 10 हजार कीमत की बैटरी को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। घटना की जानकारी तब लगी जब सुबह उठे तो देखा बैटरी गायब थी। घटना की रिपोर्ट गायत्री देवी ने थाने में दर्ज कराई। इसी प्रकार दूसरी घटना में गांव के ही जैमल राम आ. स्व. रामसाय राम (55 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि कृषि कार्य करने हेतु मिनी ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 15 डीई 1775 है जिसे घर के सामने खड़ा किया था। बीती रात चोरों ने ट्रैक्टर से बैटरी तथा समरसिबल पंप, तार सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए।

# स्नातकोत्तर विभागीय परिषद का गठन





हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में बुधवार को स्नातकोत्तर विभागीय परिषद का गठन किया गया। प्राचार्य सह कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने छह विभागों के नव-चयनित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

प्रत्येक विभाग से पांच पदाधिकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव एवं कोषाध्यक्ष का चयन किया गया। विभागवार पदाधिकारी हिन्दी विभाग अध्यक्ष मनीषा, उपाध्यक्ष पूर्णिमा, सचिव अन्नू, सहसचिव जसमनी मिंज, कोषाध्यक्ष महिमा यादव रही। वहीं अर्थशास्त्र विभाग में नाजरीन परवीन, पूजा यादव, सोनल साहू, सुषमा, सीमा, समाजशास्त्र विभाग निक्की गोयल, निषा राजवाड़े, संगीता सिंह, संजना राजवाड़े, मुनिता सिंह, वाणिज्य विभाग चंद्रप्रभा, पूनम, दिव्या, पूर्णिमा, स्नेहा, प्राणिशास्त्र विभाग निर्जला गुप्ता, निषा पैकरा, नव्या गौतम, संस्कृति राजवाड़े, सुनीता वनस्पतिशास्त्र विभाग पुष्पांजली कुशवाहा, खुशबू, कृति कुशवाहा, राम कली, सुनीता रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पवन कुमार उपाध्याय ने किया। आईक्यूएसी संयोजक डॉ. सुमित कुमार डे ने छात्राओं को विभागीय गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। आभार प्रदर्शन श्रीमती कनकलता पैकरा ने किया। इस अवसर पर भारत सिंह, वरूण कुमार कुशवाहा, डॉ. ज्ञानचंद्र पाल, डॉ. रिचा श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के प्राध्यापक सहित काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### इंतजार खत्म : आज...

एवं संवितरण अधिकारी संयुक्त रूप से निगरानी करेंगे। इसके साथ ही सभी 21 उपार्जन केन्द्रों में व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला प्रशासन बोगस धान, फर्जी पट्टों, मिलावटी धान, एवं अवैध परिवहन पर सतत निगरानी रखेगा। ऐसे मामलों में दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए तकनीकी निगरानी तंत्र और चेकपोस्ट नियंत्रण को और मजबूत किया गया है।

### पूर्व राजस्व मंत्री...

साधन जायसवाल, विकास श्रीवास्तव, धीरज सिंह, आशीष डबरे, कृष्ण कुमार राजवाड़े, रवि राजवाड़े, राजीव गुप्ता, अजीत लकड़ा, अन्नपूर्णा सिंह, रियाजउद्दीन, दीपक गुप्ता, सौरभ गुप्ता, विनोद जायसवाल, अनिल जायसवाल, जाग्रीत कुर्रे, एसएन मोदी, देव नारायण कुशवाहा, संतोष गोयन, विजय चक्रधारी, रामसाय सोरी, इंद्रदेव पांडे राजू भगत, रमेश देवांगन सहित काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

### सहकारी समिति प्रबंधक...

लेकिन न तो उन्होंने उपस्थिति दी और न ही कोई उत्तर। समिति के अधिकारियों के अनुसार उनकी निरंतर अनुपस्थिति के कारण धान उपार्जन की तैयारियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इसके साथ ही रबी ऋण वितरण, खाद-बीज वितरण तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़ी महत्वपूर्ण गतिविधियां भी बाधित हुइं, जिससे व्यापक लोकहित प्रभावित हुआ। इन परिस्थितियों को गंभीर दुराचरण की श्रेणी में पाते हुए समिति के बोर्ड ने सेवा नियमों के अनुसार अजय साहू की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का निर्णय लिया है। समिति प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनहित के कार्यों में लापरवाही और गैर-जिम्मेदारी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बाइक चोर गिरोह के चार आरोपी गिरफ्तार, चोरी की चार बाइक जब्त

अम्बिकापुर। भटगांव पुलिस ने एक बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्यों एवं एक खरीददार को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरोह के सदस्यों से अलग-अलग स्थानों से चोरी किए गए चार बाइक को बरामद किया है। ग्राम महेशपुर निवासी सूरज प्रसाद पिता ओगर साय की मोटरसायकल को चोरों ने सोनगरा आमाडांड साप्ताहिक बाजार से पार कर दिया था।

पीड़ित की रिपोर्ट पर भटगांव पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। पुलिस ने आसपास के स्थानों की सीसीटीवी फूटेज खंगालने के बाद मुखबिर की सूचना पर जंगलपारा जरही निवासी संदेही शुभम सोनी से पूछताछ की तो आमाडांड साप्ताहिक बाजार से मोटरसाइकिल चोरी करने की बात स्वीकार की। आरोपी ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ गैंग बनाकर बाइक चोरी करते थे तथा चोरी की मोटरसाइकिल अम्बिकापुर निवासी मनोज सोनी व उसके बेटे प्रिंस सोनी को बेचते थे। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने उसके साथी आकाश कुमार चौबे, दीपक कुमार केवट एवं खरीददार कबाड़ व्यवसायी प्रिंस सोनी को गिरफ्तार किया।



पूछताछ में आरोपियों ने दुर्गा पूजा के दौरान ग्राम करौटी एवं दवना से दो मोटर साइकिल चोरी कर प्रिंस सोनी को बेचने की जानकारी दी। पुलिस आरोपियों के विरूद्ध सूरजपुर एवं सरगुजा जिला के विभिन्न थानों में दर्ज अपराधों की जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने मामले में जंगल पारा जरही निवासी शुभम सोनी पिता कालीचरण सोनी (22वर्ष), आकाश कुमार चौबे पिता स्व.श्याम किशोर चौबे (26वर्ष), ऊर्जानगर जरही निवासी दीपक कुमार केवट पिता सदानंद केवट (25वर्ष) एवं खैरबार अम्बिकापुर निवासी प्रिंस सोनी पिता मनोज सोनी (18वर्ष) को गिरफ्तार किया है।

